आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 12.10.2026 समय : 1905

<><><><><><><><>

- उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि तटीय और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्रों की विविधता के कारण एक विशिष्ट प्राकृतिक क्षेत्र है।
- द्वीपवासियों को पेट्रोलियम उत्पादों की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में उपराज्यपाल की पहल, इंडियन ऑयल ने बेड़े में शामिल किया नया पोत 'एमटी आइरिस'।
- अंडमान–निकोबार के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा दिखाने का अवसर, कश्मीर मैराथन 2026 में भागीदारी के लिए किया आमंत्रित।
- जहाजरानी सेवा निदेशालय की ओर से राजधानी श्री विजयपुरम से विशाखापत्तनम और चेन्नई जाने वालों के लिए नवंबर माह की यात्राओं का कार्यक्रम घोषित।

<><><><><><><><>

भारतीय वन सेवा के अधिकारियों के लिए 'द्वीप पारिस्थितिकी तंत्र कीतटीय एवं समुद्री जैव विविधता' विषयपर आयोजित सप्ताहव्यापी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ आज द्वीप समूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के अंडमान एवं निकोबार क्षेत्रीय केंद्र, श्री विजयपुरम द्वारा किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उपराज्यपाल ने भारतीय वन सेवा के अधिकारियों के निरंतर सीखने, क्षमता निर्माण और व्यावसायिक विकास की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुभवी अधिकारियों को अपने ज्ञान का विस्तार करने, व्यावहारिक कौशल को सुदृढ़ करने तथा उभरती पर्यावरणीय चुनौतियों की बेहतर समझ विकसित करने का अवसर प्रदान करते हैं। उपराज्यपाल ने कहा कि अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह स्थलीय, तटीय और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्रों की विविधता के कारण एक विशिष्ट प्राकृतिक क्षेत्र है। यहां के मैंग्रोव वन, प्रवाल भित्तियां, समुद्री घास के मैदान, मुहाने और लैगून पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने, जैवविविधता को संरक्षित करने तथा तटीय पर्यावरण की सुरक्षा में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के आरंभ में भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के वैज्ञानिक–एफ एवं पाठ्यक्रम निदेशक डॉ. सी. शिवपेरुमन ने उपराज्यपाल, गणमान्य अतिथियों, विशेषज्ञों और प्रतिभागी आई एफ एस अधिकारियों का स्वागत किया। उन्होंने भारतीय प्राणी सर्वेक्षण की गौरवशाली विरासत तथा अंडमान एवं निकोबार क्षेत्रीय केंद्र के जैव विविधता प्रलेखन, वैज्ञानिक अनुसंधान और वन्यजीव संरक्षण में योगदान को रेखांकित किया।

<><><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के दूरस्थ क्षेत्रों में पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति में देरी और कमी तथा एल पी जी सिलेंडरों की उपलब्धता से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता देने की पहल का भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने स्वागत किया है। उन्होंने इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर संवेदनशीलता दिखाने और द्वीपवासियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कदम उठाने के लिए द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया है।

<><><><><><><><>

भारतीय नौसेना ने मुंबई स्थित नौसैनिक शिपयार्ड में कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा निर्मित तीसरे पनडुब्बी–रोधी युद्धपोत आई एन एस मांगरोल को नौसेना में शामिल किया। 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री से निर्मित यह युद्धपोत तटीय और उथले समुद्री क्षेत्रों में पनडुब्बियों का पता लगाने और उनसे निपटने में सक्षम है। पश्चिमी नौसेना कमान के प्रमुख वाइस एडमिरल संजय वात्सयान की अध्यक्षता में कमीशनिंग समारोह आयोजित हुआ। आधुनिक सोनार, हल्के टॉरपीडो, स्वदेशी रॉकेट लॉन्चर और मारीच टॉरपीडो डिकॉय सिस्टम से लैस यह पोत भारत की स्वदेशी रक्षा निर्माण क्षमता को मजबूत करेगा। गुजरात के जूनागढ़ जिले के प्रमुख मछली पकड़ने वाले बंदरगाह मांगरोल के नाम पर इसका नाम रखा गया है।

<><><><><><><><>

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने आज अपना तैंतीसवां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी. रामासुब्रमण्यम ने जलवायु परिवर्तन, आर्थिक असमानता, सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों की समस्याओं और डिजिटल निजता जैसी चुनौतियों के बीच मानवाधिकारों की रक्षा मजबूत करने

पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि तकनीक के बढ़ते प्रभाव के दौर में प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा, स्वतंत्रता और निजता की रक्षा के लिए मानवाधिकार संस्थानों को अपनी कार्यप्रणाली मजबूत करनी चाहिए। आयोग की स्थापना 12 अक्टूबर 1993 को हुई थी।

<><><><><><><>

खेल एवं युवा मामले निदेशालय, अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह ने खिलाड़ियों, धावकों, खेल कर्मियों, इच्छुक अधिकारियों और खेल प्रेमियों को 25 अक्टूबर को श्रीनगर, जम्मू–कश्मीर में आयोजित होने वाली कश्मीर मैराथन के तीसरे संस्करण में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। मैराथन में पूर्ण मैराथन के विजेता के लिए 25 लाख रुपये तथा हाफ मैराथन के विजेता के लिए 15 लाख रुपये का पुरस्कार निर्धारित किया गया है। ये पुरस्कार पुरुष और महिला, दोनों वर्गों में दिए जाएंगे। इच्छुक प्रतिभागी विस्तृत जानकारी और पंजीकरण के लिए कश्मीर मैराथन की आधिकारिक वेबसाइट देख सकते हैं।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग की ओर से 27 से 31 दिसंबर तक आयोजित होने वाले द्वीप पर्यटन महोत्सव के तहत कला एवं संस्कृति विभाग ने स्थानीय सांस्कृतिक समितियों और संगठनों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक समूह 6 नवंबर को शाम 4 बजे तक व्यक्तिगत रूप से या ई–मेल के माध्यम से कला एवं संस्कृति निदेशालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। प्रत्येक समूह को 4 से 6 सांस्कृतिक कार्यक्रमों का विवरण देना होगा। समूह में 8 से 15 सदस्य हो सकते हैं तथा कलाकारों की आयु कम से कम 8 वर्ष होनी चाहिए। नृत्य प्रस्तुति की अवधि न्यूनतम 30 मिनट और गायन की 45 मिनट से एक घंटे तक निर्धारित की गई है। आवेदन के साथ स्व–प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य है। प्रतिभागियों का चयन अंडमान क्लब में आयोजित रिहर्सल के दौरान किया जाएगा। नृत्य समूहों का रिहर्सल 11 और 12 नवंबर तथा गायन समूहों का 13 नवंबर को दोपहर 2 से शाम 7 बजे तक होगा। आवेदन एवं स्व–प्रमाण पत्र का प्रारूप प्रशासन या विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए फोन नंबर 234–775 पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

पांडिचेरी विश्वविद्यालय के बी–टेक पाठ्यक्रमों की नवंबर–दिसंबर में आयोजित होने वाली परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर है। बी–टेक सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (सीएसई) तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (ईसीई) के जिन विद्यार्थियों के पेपर शेष हैं, उन्हें निर्धारित समय–सीमा के भीतर परीक्षा पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय की ओर से जहाज एम.वी. स्वराज द्वीप के नवम्बर माह के संभावित यात्रा कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। ये जहाज 4 नवम्बर को राजधानी श्री विजयपुरम से विशाखापत्तनम और 16 नवम्बर को चेन्नई के लिए रवाना होगा। इस यात्रा के लिए टिकट सभी कार्य दिवसों में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक, जबकि शनिवार को दोपहर बारह बजे तक जारी किए जाएंगे। टिकट विभाग के ई–टिकटिंग पोर्टल के माध्यम से भी बुक किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर में 16 से 27 नवंबर तक सर्किट कोर्ट का आयोजन होगा। इस दौरान कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति रवि कृष्ण कपूर और न्यायमूर्ति उदय कुमार मामलों की सुनवाई करेंगे। इसके बाद 30 नवंबर से 4 दिसंबर तक भी पोर्ट ब्लेयर में सर्किट कोर्ट बैठेगा, जिसमें कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और न्यायमूर्ति कृष्णा राव मामलों की सुनवाई करेंगे।

<><><><><><><>